# 18वें G-20 शिखर सम्मेलन, नई दिल्ली के लिए सामान्यतः पूछे जाने वाले प्रश्न

## दिल्ली में G-20 शिखर सम्मेलन कहाँ आयोजित किया जाएगा?

G-20 शिखर सम्मेलन 9 और 10 सितंबर, 2023 को भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित होगा। हालांकि, प्रतिनिधि शिखर सम्मेलन के दौरान राजघाट, नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट (NGMA), जयपुर हाउस और भारतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान (IARI), पूसा का भी दौरा करेंगे।

## G-20 शिखर सम्मेलन दिल्ली में यातायात व्यवस्था को कैसे प्रभावित करेगा?

**दिनांक 07.09.2023 से 11.09.2023 तक नई दिल्ली में और उसके आसपास के क्षेत्र में कुछ यातायात नियमन हो सकते हैं।** दिल्ली यातायात पुलिस ने निर्बाध मेट्रो सेवाओं को सुनिश्चित करने और यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि सार्वजनिक परिवहन के सभी साधन कुछ नियमनों के साथ उपलब्ध हों। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र के बाहर, राष्ट्रीय राजमार्ग 48 (एनएच -48) को छोड़कर, सामान्य यातायात का प्रवाह अप्रभावित रहेगा। **नई दिल्ली सहित पूरी दिल्ली में सभी मेडिकल दुकानें, किराने की दुकानें, दूध के बूथ, सब्जी/फल की दुकानें खुली रहेंगी। सरकारी कर्मचारियों, मीडिया कर्मियों, मेडिकल प्रैक्टिशनर्स और पैरा-मेडिक्स को नियंत्रित क्षेत्र में अपने निजी वाहनों के साथ-साथ सरकारी वाहनों का उपयोग करने की अनुमति होगी।** दिल्ली में पहले से मौजूद सभी प्रकार के वाणिज्यिक वाहनों और बसों सहित सामान्य यातायात को रिंग रोड और रिंग रोड से आगे दिल्ली की सीमाओं की ओर के सड़क नेटवर्क पर अनुमति दी जाएगी। हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशनों, आईएसबीटी तक यात्रियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाया जाएगा क्योंकि ये सभी सुविधाएं जी -20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी चालू रहेंगी। स्थानीय निवासियों और अधिकृत वाहनों को नई दिल्ली जिले के भीतर जाने की अनुमति दी जाएगी। **नई दिल्ली जिले में होटलों, अस्पतालों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के लिए हाउसकीपिंग, खानपान, अपशिष्ट प्रबंधन आदि से संबंधित वाहनों को सत्यापन के बाद आवागमन की अनुमति दी जाएगी।** यात्रियों को मेट्रो सेवाओं का अधिकतम उपयोग करने का सुझाव दिया जाता है क्योंकि दिल्ली के सभी मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों के लिए मेट्रो सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर दिंनाक 09.09.2023 को प्रातः 0500 बजे से दिनांक 10.09.2023 की रात्रि 2300 बजे तक चढ़ने/उतरने की अनुमति नहीं होगी। सार्वजनिक परिवहन कार्यक्रम और किसी भी अस्थायी परिवर्तन के बारे में आधिकारिक घोषणाओं के साथ अपडेट रहने की सलाह दी जाती है। रियल टाइम ट्रैफिक अपडेट के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया **G-20 ट्रैफिक वर्चुअल हेल्पडेस्क** https://traffic.delhipolice.gov.in/dtpg20info, दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट https://traffic.delhipolice.gov.in, फेसबुक पेज https://www.facebook.com/dtptraffic, ट्विटर हैंडल https://twitter.com/dtptraffic, इंस्टाग्राम पेज https://www.instagram.com/dtptraffic, व्हाट्सएप नंबर 8750871493, और हेल्पलाइन नंबर 1095/011-25844444, दिल्ली पुलिस की

आधिकारिक वेबसाइट - https://delhipolice.gov.in पर जाएं । ***सटीक वैकल्पिक मार्गों के लिए कृपया Mapples- MapmyIndia App डाउनलोड करें। यह आपको यातायात नियमनों से संयोजन करते हुए वैकल्पिक मार्ग के सुझाव देगा।***

**क्या दिल्ली में G-20 शिखर सम्मेलन के दौरान सार्वजनिक परिवहन पर कोई प्रतिबंध होगा ?**

जी -20 शिखर सम्मेलन के दौरान सुरक्षा आवश्यकताओं के आधार पर सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में कुछ सीमाएं हो सकती हैं क्योंकि दिनांक 07.09.2023 से 11.09.2023 तक सार्वजनिक परिवहन के कुछ साधनों और सार्वजनिक परिवहन के कुछ मार्गों को संशोधित या अस्थायी रूप से निलंबित किया जा सकता है। हवाई अड्डे, रेलवे, मेट्रो सेवाएं, अंतरराज्यीय बसें और सिटी बसें, टीएसआर/टैक्सियां सामान्य रूप से चालू रहेंगी, हालांकि, रेलवे, वायुमार्ग, अंतरराज्यीय बसें, सिटी बसें, टीएसआर/टैक्सियों की सेवाएं प्रभावित/बाधित हो सकती हैं। सभी मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों के लिए मेट्रो सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर दिंनाक 09.09.2023 को प्रातः 0500 बजे से दिनांक 10.09.2023 की रात्रि 2300 बजे तक चढ़ने/उतरने की अनुमति नहीं होगी। **अंतरराज्यीय बसों** को भी दिल्ली में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी, ऐसी सभी बसों की समाप्ति रिंग रोड पर होगी जैसा कि यातायात निर्देशिका में सुझाव दिया गया है। **सिटी बसें** रिंग रोड और रिंग रोड से आगे दिल्ली की सीमाओं की ओर के रोड नेटवर्क पर संचालित होंगी। इन बसों को दिल्ली से बाहर निकलने की अनुमति होगी। हालांकि, नई दिल्ली क्षेत्र में सिटी बस सेवा उपलब्ध नहीं होगी। दिनांक 09.09.2023 को प्रातः 05.00 बजे से दिनांक 10.09.2023 की रात्रि 2359 बजे तक नई दिल्ली जिले में किसी भी टीएसआर और टैक्सी को प्रवेश करने या चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि, नई दिल्ली जिले के स्थानीय निवासियों और नई दिल्ली जिले की सीमा के अंदर स्थित होटलों में वैध बुकिंग वाले पर्यटकों को ले जाने वाली टैक्सियों को नई दिल्ली जिले की सीमा के अंदर के सड़क नेटवर्क पर चलने की अनुमति दी जाएगी। स्थानीय निवासियों और अधिकृत वाहनों को नई दिल्ली जिले के भीतर आने– जाने के लिए सुविधा प्रदत्त की जायगी। नई दिल्ली जिले में होटलों, अस्पतालों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के लिए हाउसकीपिंग, खानपान, अपशिष्ट प्रबंधन आदि से जुड़े वाहनों को सत्यापन के बाद प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। स्थानीय निवासियों, अधिकृत वाहनों और उपरोक्त आवश्यक सेवा प्रदाताओं को अपनी पहचान साबित करने के लिए आवश्यक दस्तावेज साथ में रखने होंगे। सार्वजनिक परिवहन कार्यक्रम और किसी भी अस्थायी परिवर्तन के बारे में आधिकारिक घोषणाओं के साथ अपडेट रहने की सलाह दी जाती है। रियल टाइम ट्रैफिक अपडेट के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया G-20 ट्रैफिक वर्चुअल हेल्पडेस्क https://traffic.delhipolice.gov.in/dtpg20info, दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट https://traffic.delhipolice.gov.in, फेसबुक पेज https://www.facebook.com/dtptraffic, ट्विटर हैंडल https://twitter.com/dtptraffic, इंस्टाग्राम पेज https://www.instagram.com/dtptraffic, व्हाट्सएप नंबर 8750871493, और हेल्पलाइन नंबर 1095/011-25844444, दिल्ली पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट - https://delhipolice.gov.in पर जाएं । ***सटीक वैकल्पिक मार्गों के लिए***

*कृपया Mapples- MapmyIndia App डाउनलोड करें। यह आपको यातायात नियमनों से संयोजन करते हुए वैकल्पिक मार्ग के सुझाव देगा।*

### क्या G-20 शिखर सम्मेलन के दौरान दिल्ली में लॉक डाउन जैसी स्थिति होगी?

**दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान लॉकडाउन जैसी स्थिति नहीं होगी।** दिल्ली यातायात पुलिस ने निर्बाध मेट्रो सेवाओं को सुनिश्चित करने और यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि सार्वजनिक परिवहन के सभी साधन कुछ नियमनों के साथ उपलब्ध हों। नई दिल्ली सहित पूरी दिल्ली में सभी मेडिकल दुकानें, किराने की दुकानें, दूध बूथ, सब्जी/फल की दुकानें खुली रहेंगी। सभी प्रकार के वाणिज्यिक वाहनों और बसों सहित सामान्य यातायात को रिंग रोड और दिल्ली की सीमाओं की ओर रिंग रोड से आगे सड़क नेटवर्क पर चलने की अनुमति दी जाएगी।

### क्या G-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रगति मैदान के पास पार्किंग उपलब्ध होगी?

सुरक्षा कारणों और प्रतिनिधियों की आवाजाही के कारण प्रगति मैदान के पास पार्किंग सेवाएं G-20 शिखर सम्मेलन के दौरान केवल अधिकृत वाहनों के लिए सुलभ होंगी। निजी वाहनों के उपयोग से बचने और परिवहन के वैकल्पिक तरीकों का पता लगाने की सलाह दी जाती है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे **मेट्रो सेवाओं का अधिकतम उपयोग करें क्योंकि मेट्रो सेवा सभी मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगी।** हालांकि, सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर 09.08.2023 को 05.00 बजे से 10.09.2023 को 23.00 बजे तक चढ़ने/उतरने की अनुमति नहीं होगी। सार्वजनिक परिवहन कार्यक्रम और किसी भी अस्थायी परिवर्तन के बारे में आधिकारिक घोषणाओं के साथ अपडेट रहने की सलाह दी जाती है। रियल टाइम ट्रैफिक अपडेट के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया जी-20 ट्रैफिक वर्चुअल हेल्प डेस्क https://traffic.delhipolice.gov.in/dtpg20info, दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट https://traffic.delhipolice.gov.in, फेसबुक पेज https://www.facebook.com/dtptraffic, ट्विटर हैंडल https://twitter.com/dtptraffic, इंस्टाग्राम पेज https://www.instagram.com/dtptraffic, व्हाट्सएप नंबर 8750871493, और हेल्पलाइन नंबर 1095/011-25844444, दिल्ली पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट - https://delhipolice.gov.in पर जाएं। *सटीक वैकल्पिक मार्गों के लिए कृपया Mapples- MapmyIndia App डाउनलोड करें। यह आपको यातायात नियमनों से संयोजन करते हुए वैकल्पिक मार्ग के सुझाव देगा।*

### क्या G-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रगति मैदान के पास निजी वाहनों या टैक्सियों के लिए कोई पिक-अप और ड्रॉप-ऑफ पॉइंट हैं ?

**दिनांक 09.09.2023 को 0500 बजे से 10.09.2023 को 2359 बजे तक किसी भी टी.एस.आर. (ऑटो) और टैक्सी को नई दिल्ली जिले में प्रवेश करने या चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।** हालांकि, नई दिल्ली जिले के स्थानीय निवासियों और नई दिल्ली जिले की सीमा के अंदर स्थित होटलों में

वैध बुकिंग वाले पर्यटकों को ले जाने वाली टैक्सियों को नई दिल्ली जिले की सीमा के अंदर के सड़क नेटवर्क पर चलने की अनुमति दी जाएगी। *सटीक वैकल्पिक मार्गों के लिए कृपया Mapples- MapmyIndia App डाउनलोड करें। यह आपको यातायात नियमनों से संयोजन करते हुए वैकल्पिक मार्ग के सुझाव देगा ।*

**क्या G-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रगति मैदान के पास सार्वजनिक परिवहन की कोई विशेष व्यवस्था होगी?**

**यात्रियों से अनुरोध है कि वे मेट्रो सेवाओं का अधिकतम उपयोग करें क्योंकि प्रगति मैदान के पास यात्रियों के लिए केवल मेट्रो सेवा उपलब्ध रहेगी, इस क्षेत्र में परिवहन के अन्य सभी साधनों को विनियमित किया जाएगा।** हालांकि, सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर 09.09.2023 को 05.00 बजे से 10.09.2023 को 23.00 बजे तक चढ़ने/उतरने की अनुमति नहीं होगी । *सटीक वैकल्पिक मार्गों के लिए कृपया Mapples- MapmyIndia App डाउनलोड करें। यह आपको यातायात नियमनों से संयोजन करते हुए वैकल्पिक मार्ग के सुझाव देगा ।*

**दिल्ली में G-20 शिखर सम्मेलन के दौरान यात्री यातायात की भीड़ से बचने के लिए अपनी यात्रा की योजना कैसे बना सकते हैं?**

**हवाई अड्डे, रेलवे, मेट्रो सेवाएं, अंतरराज्यीय बसें और सिटी बसें, टीएसआर/टैक्सियां सामान्य रूप से चालू रहेंगी** हालांकि रेलवे, विमान सेवाएँ, अंतरराज्यीय बसें, सिटी बसें, टीएसआर/टैक्सियों की सेवाएं प्रभावित/बाधित हो सकती हैं । सभी मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों के लिए मेट्रो सेवाएं उपलब्ध रहेंगी । **अंतरराज्यीय बसों को भी दिल्ली में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी,** ऐसी सभी बसों की समाप्ति रिंग रोड पर होगी जैसा कि यातायात निर्देशिका में सुझाव दिया गया है। **सिटी बसें** रिंग रोड और रिंग रोड से आगे दिल्ली की सीमाओं की ओर के रोड नेटवर्क पर संचालित होंगी। इन बसों को दिल्ली से बाहर निकलने की अनुमति होगी। हालांकि, नई दिल्ली क्षेत्र में सिटी बस सेवा उपलब्ध नहीं होगी। दिनांक 09.09.2023 को प्रातः 05.00 बजे से दिनांक 10.09.2023 की रात्रि 2359 बजे तक नई दिल्ली जिले में किसी भी टीएसआर और टैक्सी को प्रवेश करने या चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि, नई दिल्ली जिले के स्थानीय निवासियों और नई दिल्ली जिले की सीमा के अंदर स्थित होटलों में वैध बुकिंग वाले पर्यटकों को ले जाने वाली टैक्सियों को नई दिल्ली जिले की सीमा के अंदर के सड़क नेटवर्क पर चलने की अनुमति दी जाएगी। दिल्ली यातायात पुलिस और स्थानीय अधिकारी सोशल मीडिया, यातायात परामर्श और इलेक्ट्रॉनिक संदेश बोर्ड जैसे विभिन्न संचार चैनलों के माध्यम से यातायात व्यवस्था, मार्ग परिवर्तन और वैकल्पिक मार्गों पर नियमित अपडेट प्रदान करेंगे। रियल टाइम ट्रैफिक अपडेट के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया G-20 ट्रैफिक वर्चुअल हेल्प डेस्क https://traffic.delhipolice.gov.in/dtpg20info, दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट https://traffic.delhipolice.gov.in, फेसबुक पेज https://www.facebook.com/dtptraffic, ट्विटर हैंडल https://twitter.com/dtptraffic, इंस्टाग्राम

पेज https://www.instagram.com/dtptraffic, व्हाट्सएप नंबर 8750871493, और हेल्पलाइन नंबर 1095/011-25844444, दिल्ली पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट - https://delhipolice.gov.in पर जाएं | ***सटीक वैकल्पिक मार्गों के लिए कृपया Mapples- MapmyIndia App डाउनलोड करें। यह आपको यातायात नियमनों से संयोजन करते हुए वैकल्पिक मार्ग के सुझाव देगा।***

### दिल्ली में G-20 शिखर सम्मेलन के दौरान अपेक्षित यातायात नियमनों के कब तक चलने की उम्मीद है?

**दिनांक 07.09.2023 से 11.09.2023 तक सुरक्षा आवश्यकताओं के आधार पर दिल्ली में कुछ यातायात नियमन लागू किये जा सकते हैं।** यातायात नियमनों की अवधि शिखर सम्मेलन के कार्यक्रम, सुरक्षा आवश्यकताओं और अन्य कारकों के आधार पर भिन्न हो सकती है। यातायात नियमनों को आम तौर पर G-20 शिखर सम्मेलन की अवधि के लिए या आम जनता की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए जब तक आवश्यक हो, लंबे समय तक चलने की उम्मीद है। रियल टाइम ट्रैफिक अपडेट के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया जी 20 ट्रैफिक वर्चुअल हेल्प डेस्क https://traffic.delhipolice.gov.in/dtpg20info, दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट https://traffic.delhipolice.gov.in, फेसबुक पेज https://www.facebook.com/dtptraffic, ट्विटर हैंडल https://twitter.com/dtptraffic, इंस्टाग्राम पेज https://www.instagram.com/dtptraffic, व्हाट्सएप नंबर 8750871493, और हेल्पलाइन नंबर 1095/011-25844444, दिल्ली पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट - https://delhipolice.gov.in पर जाएं | ***सटीक वैकल्पिक मार्गों के लिए कृपया Mapples- MapmyIndia App डाउनलोड करें। यह आपको यातायात नियमनों से बचते हुए वैकल्पिक मार्ग के सुझाव देगा।***

### क्या दिल्ली में G-20 शिखर सम्मेलन के दौरान कोई विशिष्ट यातायात नियंत्रण उपाय या प्रौद्योगिकियां लागू की जा रही हैं?

यातायात को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए G-20 शिखर सम्मेलन के दौरान उन्नत यातायात नियंत्रण उपायों और प्रौद्योगिकियों का प्रयोग किया जा सकता है। इनमें स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नल, मोबाइल ऐप और ट्रैफिक सर्विलांस सिस्टम के माध्यम से रियल-टाइम ट्रैफिक अपडेट शामिल हो सकते हैं ताकि सुचारू प्रवाह सुनिश्चित किया जा सके और भीड़ को कम किया जा सके। ***सटीक वैकल्पिक मार्गों के लिए कृपया Mapples- MapmyIndia App डाउनलोड करें। यह आपको यातायात नियमनों से बचते हुए वैकल्पिक मार्ग के सुझाव देगा।***